आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 2

कक्षा : सातवीं

विद्या सर्वार्थ साधिका
ANANDALAYA

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 50

दिनांक: 22-09 -2022 | निर्धारित समय : 2 घंटे

सामान्य निर्देश:
1. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' ।
2. प्रत्येक खंड के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं ।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए ।
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए ।

खंड- 'क' (7 अंक)

1. निम्नलिखित पद्यांश के नीच लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

जब बहुत सुबह चिड़ियाँ उठकर,
कुछ गीत खुशी के गाती हैं ।
कलियाँ दरवाज़े खोल-खोल,
जब झुरमुट से मुसकाती हैं ।
खुशबू की लहरें जब घर से,
बाहर आ दौड़ लगाती हैं,
हे जग के सिरजनहार प्रभो!
तब याद तुम्हारी आती है!!
जब छम-छम बूँदें गिरती हैं,
बिजली चम-चम कर जाती है ।
मैदानों में, वन-बागों में,
जब हरियाली लहराती है ।
जब ठंडी-ठंडी हवा कहीं से,
मस्ती ढोकर लाती है ।
हे जग के सिरजनहार प्रभो!
तब याद तुम्हारी आती है!!

(i) पद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए । (1)

(ii) प्रातःकालीन बेला में खुशी के गीत कौन गाती हैं ? (1)

(iii) 'सिरजनहार' शब्द का अर्थ बताइए । (1)

(iv) ठंडी हवा चलने से पहले वातावरण में हुए परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए । (2)

(v) प्रातः काल को मनोरम बनाने में हवा के योगदान को स्पष्ट कीजिए । (2)

<u>खंड- 'ख' (12 अंक)</u>

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए - (1x4=4)

(i) 'बाबू' शब्द का लिंग परिवर्तन है -

(क) बाबुइन (ख) बाबुनी (ग) बुआइन (घ) बबुआइन

(ii) 'हमारे देश में वसंत <u>ऋतु</u> का मौसम सर्वश्रेष्ठ माना जाता है ।' वाक्य में रेखांकित शब्द का वचन परिवर्तन है -

(क) ऋतुराज (ख) ऋतुमान (ग) ऋतुएँ (घ) ऋतंभरा

(iii) 'दुर्घटना ' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है -

(क) दुर् (ख) दुर्घ (ग) टना (घ) आ

(iv) 'कबीरपंथी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है -

(क) क (ख) ई (ग) कबीर (घ) पंथी

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए -

(i) 'करण' कारक का चिह्न है - (1x3=3)

(क) में, पर (ख) का के की (ग) से, द्वारा (घ) के लिए

(ii) 'अधिकरण' कारक का चिह्न है -

(क) में, पर (ख) का के की (ग) से द्वारा (घ) के लिए

(iii) 'यह कलम सुरेश के लिए खरीदी है ।' इस वाक्य में कौन-सा कारक लगा है -

(क) कर्ता कारक (ख) कर्म कारक (ग) करण कारक (घ) संप्रदान कारक

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशनुसार दीजिए -

(i) 'पिंकी अमरूद खा रही है ।' कर्म के आधार पर क्रिया का भेद है - (1x3=3)

(क) अकर्मक (ख) द्विकर्मक (ग) सकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

(ii) " " विराम चिह्न का नाम है -

(क) इकहरे उद्धरण चिह्न (ख) निर्देशक चिह्न

(ग) दुहरे उद्धरण चिह्न (घ) योजक चिह्न

(iii) दिमाग सातवें आसमान पर होना -

(क) बहुत प्रेम करना (ख) स्वाभिमान करना

(ग) बहुत अकड़ करना (घ) बहुत घमंड करना

5. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार उत्तर दीजिए - (1x2=2)

(i) 'पर + उपकार = की संधि है -

(क) परउपकार (ख) परोपकार (ग) परऊपाकर (घ) परेपकर

(ii) तथा + एव = तथैव में संधि का भेद है ?

(क) दीर्घ (ख) गुण (ग) वृद्धि (घ) यण

<u>खंड- 'ग' (15 अंक)</u>

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) नाटक में सबसे बुद्धिमान पात्र कौन था और क्यों ? नाटक के आधार पर लिखिए ।

(ii) यासुकी चान जैसे लोगों के प्रति हमारी सोच कैसी होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

(iii) रहीम के अनुसार सच्चा मित्र कैसा होना चाहिए ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) "अब भूलकर भी ऐसी गलती नहीं होगी।" यह वाक्य किसने किससे कहा और क्यों ?

(ii) शाम एक किसान कविता में चित्रित शाम और सूर्यास्त के दृश्य का वर्णन किया गया है । आप प्रातःकाल के दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए ।

(iii) बच्चे उठाने वाला व्यक्ति कोई और काम क्यों नहीं करना चाहता होगा ? तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

<u>खंड- 'घ' (16 अंक)</u>

8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर 100 से 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-

(i) विज्ञापनों का प्रभाव (6x1=6)

संकेत बिंदु-

- ✧ विज्ञापनों का बोलबाला
- ✧ विज्ञापन के लाभ और हानियाँ
- ✧ विज्ञापनों का हमारी जेब पर प्रभाव
- ✧ उपसंहार

(ii) देश हमारा सबसे प्यारा

संकेत बिंदु-

- ✧ प्राकृतिक सौंदर्य
- ✧ अनेकता में एकता
- ✧ प्राचीन परंपरा
- ✧ वर्तमान में भारत

(iii) पुस्तकालय कितने उपयोगी

संकेत बिंदु-

- ✧ पुस्तकालय क्या है ?
- ✧ पुस्तकालय के प्रकार
- ✧ ज्ञान के भंडार
- ✧ आवश्यकता एवं महत्त्व

9. अपने पिता जी को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि सामयिक परीक्षा-2 के लिए आपकी तैयारी कैसी है ? (लगभग 80-100 शब्द) (6x1=6)

अथवा

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर छोटी बहन को बधाई देते हुए पत्र लिखिए। (लगभग 80-100 शब्द)

10. नीचे दिए चित्र के आधार पर मन में उभरे अपने विचारों को समेटते हुए 70 से 80 शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए । (4x1=4)